


वार्ट्जमैन ने थामा थीम का अभियान

वार्ट्जमैन ने कहा, 'मैं नहीं जानता कि उस जीत के कारण मैं बढ़े मनोबल के साथ कोर्ट पर उतरूंगा। लेकिन हां मैं यह जानता हूं कि मैं उसे हरा सकता हूं। यह अधिक महत्वपूर्ण है।' नडाल फ्रेंच ओपन में 13वां खिताब जीतने की कवायद में है। यह नहीं वह 20वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतकर रोजर फेडरर की बराबरी करने के भी करीब हैं।

## राफेल नडाल 13वीं बार फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पैरिस। रोलां गैरां के बादशाह राफेल नडाल ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके 13वीं बार फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका मुकाबला डिएगो श्वार्ट्जमैन से होगा। रोलां गैरां पर 12 बार के चैंपियन नडाल को इटली के 19 साल के जानिक सिनर से शुरू में चुनौती मिली लेकिन इसके बाद उन्हें 7–6 (4), 6–4, 6–1 से मैच जीतने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। सर्द हवाएं चल रही थी और ऐसे में यह मैच स्थानीय समयानुसार रात लगभग एक बजकर 30 मिनट पर खत्म हुआ। इससे पहले अर्जेंटीना के 12वें वरीय श्वार्ट्जमैन ने एक अन्य क्वॉर्टर फाइनल मैच में यूएस ओपन चैंपियन और रोलां गैरा में दो बार के उपविजेता डोमिनिक थीम को पांच सेट तक चले कड़े मुकाबले में 7–6 (1), 5–7, 6–7 (6), 7–6 (5), 6–2 से हराया था। फ्रेंच ओपन में इस बार देर रात तक भी मुकाबले हो रहे हैं क्योंकि पहली बार इस क्लेकोर्ट टूर्नामेंट में दूधिया रोशनी का उपयोग किया जा रहा है।

# राहुल को विकेटकीपर की जिम्मेदारी नहीं सौंपनी चाहिए

क्रिकेट

## बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करने का दिया जाना चाहिए मौकाः लारा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के अपने जमाने के दिग्गज क्रिकेटर ब्रायन लारा ने कहा कि 'बेहतरीन बल्लेबाज' केएल राहुल को भारतीय टीम में विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी नहीं सौंपनी चाहिए और उन्हें अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करने का मौका दिया जाना चाहिए। लारा का इसके साथ ही मानना है कि ऋषभ पंत पिछले एक साल में काफी परिपक्व हुए हैं और भारत के नंबर एक विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में उनके नाम पर विचार किया जाना चाहिए।

राहुल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज और इस साल के शुरू में भारत के न्यूजीलैंड दौरे के दौरान विकेटकीपर के रूप में शानदार भूमिका निभायी थी। भारतीय टीम ने राहुल के बल्लेबाजी क्रम को लेकर भी प्रयोग किया और इसमें भी वह खरे उतरे।



लारा ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम 'क्रिकेट कनेक्टेड' में कहा, 'सबसे पहले में यह कहना चाहूंगा कि जब विकेटकीपिंग की बात आती है तो केएल राहुल पर विकेटकीपिंग का भार नहीं डालना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'वह बेहतरीन बल्लेबाज हैं और मुझे लगता है कि उसे बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और बड़े स्कोर बनाने चाहिए।' राहुल ने इंडियन प्रीमियर लीग में अभी तक पांच मैचों में एक शतक और दो अर्धशतकों की मदद से 302 रन बनाये हैं। पंत को महेंद्र सिंह धोनी का उत्तराधिकारी माना जा रहा है लेकिन उन्हें अपने करियर के शुरू में लचर विकेटकीपिंग के कारण आलोचना झेलनी पड़ी। लेकिन लारा का मानना है कि आईपीएल में 171 रन बनाने वाला यह युवा क्रिकेटर पिछले एक साल में परिपक्व हुआ है और दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलते हुए अधिक जिम्मेदारी ले रहा है।

उन्होंने कहा, 'ऋषभ पंत को एक साल पहले मैं न कहता लेकिन मुझे लगता है कि एक बल्लेबाज के रूप में उसने अपनी जिम्मेदारी समझी हैं। वह दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से जिस तरह से खेल रहा है उसे देखकर लगता है कि वह अपनी जिम्मेदारी समझता है। वह रन बनाना चाहता है, पारी संवारना चाहता है। अगर वह ऐसा करना जारी रखता है तो वह नंबर एक होना चाहिए।'

संजू सैमसन के बारे में लारा ने कहा कि इस 25 वर्षीय क्रिकेटर को अभी थोड़ा सुधार करने की जरूरत है। लारा ने कहा, ''संजू सैमसन राजस्थान रॉयल्स की तरफ से विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी नहीं निभा रहे है, लेकिन मैं जानता हूं कि वह विकेटकीपिंग कर सकता है। वह अच्छा खिलाड़ी है और शारजाह में उसने अच्छी पारियां खेली।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि अच्छे गेंदबाजी आक्रमण और जीवंत विकेट पर उसकी तकनीक में थोड़ा खामी है।' धोनी ने इस साल अगस्त में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

## आईपीएल के पहले अमेरिकी खिलाड़ी अली खान चोटिल, टूर्नामेंट से बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अमेरिकी तेज गेंदबाज अली खान इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन से बाहर हो गए हैं। तेज गेंदबाज कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम का हिस्सा थे और उन्हें हैरी गर्नी के स्थान पर टीम में शामिल किया गया था। लेकिन अब अली खुद चोटिल हो गए हैं और इस वजह से वह टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे।

आईपीएल की ओर से जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, श्इससे पहले, कोलकाता नाइट राइडर्स ने अली को चोटिल हैरी गर्नी के स्थान पर शामिल किया था। वह आईपीएल की किसी टीम का हिस्सा बनने वाले पहले अमेरिकी खिलाड़ी



बने थे। अली दुर्भाग्यवश चोटिल हो गए हैं और वह इसमें नहीं खेल पाएंगे।

अली इससे पहले कैरेबियन प्रीमियर लीग यानी सीपीएल में विजेता टीम त्रिनबागो नाइट राइडर्स का हिस्सा थे। इस टीम के मालिकों में भी शाहरुख खान शामिल हैं। यह टेकेआर का चौथा सीपीएल खिताब था। इस टूर्नामेंट में अली ने आठ मैचों में आठ विकेट लिए थे। उनका इकॉनमी 7.43 रहा था।

हालांकि वेबसाइट क्रिकइंफो का कहना है कि अली चोटिल जरूर हैं लेकिन वह टूर्नामेंट से बाहर नहीं हुए हैं। वेबसाइट का कहना है कि अली की चोट ज्यादा गंभीर नहीं है और वह सीपीएल के दौरान भी इस चोट से परेशान थे। ईएसपीएनक्रिकइंफो के मुताबिक अली फिलहाल केकेआर के साथ रिहैब से गुजर रहे हैं। उसकी खबर के मुताबिक वह टीम के साथ ट्रेनिंग कर रहे हैं और नेट्स में गेंदबाजी कर रहे हैं।

## धीरे-धीरे फिटनेस का शीर्ष स्तर हासिल करना चाहते हैं हॉकी कप्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरु। कोविड–19 महामारी के कारण लगे प्रतिबंधों से अभ्यास पर पड़े प्रभाव के बीच भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह ने कहा कि लॉकडाउन से पहले के फिटनेस स्तर को हासिल करने के लिए खिलाड़ियों को धीरे–धीरे प्रगति करनी होगी। मनप्रीत सहित टीम के छह खिलाड़ी नैशनल कैंप के लिए यहां पहुंचने के बाद कोरोना वायरस जांच में पॉजिटिव पाए गए थे।

ये सभी खिलाड़ी हालांकि इस बीमारी से उबर गए हैं और उन्होंने अपना व्यक्तिगत अभ्यास सत्र शुरू कर दिया है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) से जारी बयान में मनप्रीत ने कहा, 'हमने धीरे–धीरे खेल में वापसी की प्रक्रिया शुरू की है। कोचों ने एक योजना बनाई है ताकि हम चरणबद्ध तरीके से पूरी तरह लय हासिल कर सकें। मैं फिर से अभ्यास के लिए वापस आकर वास्तव में खुश हूं।' कोच ग्राहम रीड ने कहा कि कौशल प्रशिक्षण खासकर बुनियादी व्यक्तिगत जरूरी चीजों पर ध्यान दिया जा रहा है। इससे खिलाड़ियों को छोटे समूहों में अभ्यास करने की सहूलियत होती है, जिसमें पर्याप्त सामाजिक दूरी होती है।

## न्यूज डायरी





### संजू सैमसन पर संजय मांजरेकर के ट्वीट पर सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। संजू सैमसन ने इंडियन प्रीमियर लीग 2020 की शुरुआत शानदार तरीके से की। पहले दो मैच में हाफ सेंचुरी लगाने के बाद उन्होंने खूब वाहवाहियां भी बटोरीं। ऐसा लगा कि यह सीजन इस विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए टीम इंडिया में जगह बनाने का एक मौका हो सकता है। चेन्नै सुपर किंग्स के खिलाफ उन्होंने 74 और किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ 85 रन बनाए। लेकिन इसके बाद अगले तीन मैचों में सैमसन का बल्ला शांत रहा। उन्होंने अगली तीन पारियों में 8, 4 और 0 रन बनाए। फॉर्म में गिरावट सैमसन के लिए कोई नई बात नहीं है। बीते दो सीजन में भी उन्होंने शुरुआती तीन मैचों में काफी रन बनाए और उसके बाद उनकी फॉर्म खराब हो गई। शॉर्ट बॉल के खिलाफ सैमसन एक बार फिर संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। अपनी पिछली तीन में से दो पारियों में वह शॉर्ट पिच गेंद पर आउट हुए हैं।

### राजस्थान रॉयल्स की लगातार तीसरी हार, जोस बटलर ने बताई वजह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबू धाबी। राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज जोस बटलर ने स्वीकार किया कि उनकी टीम के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज पिछले तीन मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे जिससे इंडियन प्रीमियर लीग में उनके सकारात्मक अभियान को झटका लगा। रॉयल्स को पिछले मैच में मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस से 57 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में केवल बटलर (70) ही योगदान दे पाए। बटलर ने मैच के बाद वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'पिछले तीन मैचों में शीर्ष क्रम के हमारे बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। हमने कुछ अवसरों पर पावरप्ले में ही तीन विकेट गंवा दिए और टी20 क्रिकेट में इस तरह की स्थिति में आप अधिक मैच नहीं जीत सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'निश्चित तौर पर पावरप्ले में आप क्षेत्ररक्षण की पाबंदियों का फायदा उठा सकते हैं लेकिन खिलाड़ी के रूप में हम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए पर टी20 क्रिकेट में ऐसा हो सकता है।'

### रोहित ने जीत की हैटट्रिक का श्रेय टीम के ऑलराउंड खेल को दिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स पर 57 रन की आसान जीत के साथ पॉइंट्स टेबल में टॉप पर जगह बनाने के बाद कहा कि बल्लेबाजों और गेंदबाजों के अलावा उनकी टीम के फील्डिंग ने भी जीत में अहम भूमिका निभाई। मुंबई ने सूर्य कुमार यादव की 47 गेंद में 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 79 रन की बदौलत चार विकेट पर 193 रन बनाए। उन्होंने अपने आईपीएल करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलने के अलावा हार्दिक पंड्या (19 गेंद में नाबाद 30) के साथ पांचवें विकेट के लिए छह ओवर में 76 रन की अटूट साझेदारी भी की जिससे मुंबई की टीम अंतिम चार ओवर में 60 रन जुटाने में सफल रही।

### जोफ्रा आर्चर ने फेंकी हार्दिक पंड्या को बीमर, क्या बोले स्टुअर्ट ब्रॉड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान उस समय मुश्किल में नजर आए जब तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की तेज बीमर उनके सिर पर लगते–लगते बची। भारतीय स्टार ने किसी तरह झुककर खुद को बचाया। यह 18वें ओवर की पहली गेंद थी जब गेंद आर्चर के हाथ से फिसल गई और सीधा पंड्या के सिर की ओर गई। गेंद सीधा पंड्या के सिर की ओर ही जा रही थी जब वह आगे से हट गए और गेंद बाई के चौके के रूप में सीमा–रेखा के पार गई। इस गेंद की रफ्तार 152 किलोमीटर प्रति घंटे की थी। विकेटकीपर जोस बटलर भी गेंद को पकड़ नहीं पाए। पंड्या की इस गेंद के बाद इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने ट्विटर पर आर्चर का समर्थन किया है। ब्रॉड ने ट्वीट किया, उसने (पंड्या) गेंद को शानदार तरीके से खेला।